प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं और बच्चों के विकास के साथ नया अध्याय लिखा जायेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के जरिये महिलाओं और बच्चों के कल्याण लिए प्रयास किये जा रहे है। केन्द्रीय मंत्री आज उदयपुर में आयोजित चिंतन शिविर के उद्घाटन के अवसर पर बोल रही थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, सक्षम आंगनबाडी और पोषण 2.0 के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के विकास के हर पहलु को छुआ है।

.............................................................

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि महिला और बाल विकास मंत्रालय की प्रथम इकाई आंगनबाडी है और राजस्थान में भी आंगनबाड़ियों के विकास के लिए विभिन्न कार्य किये जा रहे है। उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही देश आगे बढ सकता है। कार्यक्रम को महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भी संबोधित किया। शिविर में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के महिला और बाल विकास मंत्री शिरकत कर रहे है।

.............................................................

उदयपुर की सहेलियों की बाड़ी 13 जनवरी से 25 जनवरी तक पर्यटकों के लिए बंद रहेगी। इस दौरान यहां राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह से जुड़े कार्यक्रमों की तैयारियां की जायेगी। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव अग्रवाल ने बताया कि सहेलियों की बाड़ी में मरम्मत, बिजली और उद्यानिकी के काम करवाये जायेंगे। गौरतलब है कि सहेलियों की बाड़ी में 25 जनवरी को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की उपस्थिति में एट होम कार्यक्रम होना प्रस्तावित है।

.............................................................

राजस्थान पुलिस की साइबर शाखा ने महाकुंभ मेले में भाग लेने वाले लोगो के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि लोग प्रशासन की ओर से जारी किए गए कांटेक्ट नम्बरों और ऑफिशल वेबसाइट से ही होटल, धर्मशाला या गेस्ट हाउस की बुकिंग करायें। लोगों को सलाह दी गई है कि फर्जी वेबसाईट और लिंक से सतर्क रहें। साईबर क्राइम शाखा के पुलिस महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर ठग लोगों को फर्जी लिंक और वेबसाइट के जरिये होटल बुकिंग के लिए एडवांस धनराशि लेकर धोखाधडी कर रहे है। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम का शिकार होने पर नेशनल हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम की अधिकृत वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।

.............................................................

प्रदेश में मावठ का दौर फिर से शुरू हो गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की बरसात दर्ज की गई। सबसे ज्यादा 3 मिलीमीटर पानी चूरू के सुजानगढ और नागौर के खींवसर में बरसा। राजधानी जयपुर में आज सुबह से ही बादल छाये हुए है और कई इलाकों में रिमझिम बारिश हो रही है। पाली में बरसात के साथ सर्द हवाएं भी चल रही है। झुंझुनूं में हल्की बरसात का सिलसिला जारी है। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में बूंदाबांदी हो रही है। कोटपूतली–बहरोड़ में बादल और कोहरा छाये रहने से यातायात प्रभावित हुआ है। लोगों को दिन में भी हेडलाईट का सहारा लेना पड रहा है। बालोतरा और जोधपुर ग्रामीण में बारिश की वजह से सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा। केन्द्र ने आज बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं कहीं–कहीं ओले गिरने के भी आसार है।

.............................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर आज सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह मंदिर सदियों के त्याग,

तपस्या और संघर्ष के बाद बना है। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह दिव्य और भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत बनेगा।

………………………………………………………